जैविक तथा प्राकृतिक खेती में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग करें : सारस्वत

■ तीन दिवसीय किसान मेले में 6 हजार किसानों ने मेले में की सहभागिता

बीकानेर,(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय किसान मेले का समापन गुरूवार को हुआ। 6 हजार से अधिक किसानों को इस मेले में कृषि की आधुनिक प्रौद्योगिकी, नवाचारों और अनुसंधान से परिचित होने का अवसर मिला।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद किसान राष्ट्र के लिए अन्न उत्पादन करता है। हम किसान के ऋणी है। सारस्वत ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का किसान मजबूत बनें। किसान की खुशहाली और समृद्धि में राष्ट्र की समृद्धि समाहित है। राज्य सरकार किसान हित में प्रतिबद्धता से काम कर रही है। गेहूं के एमएसपी में राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त राशि दी जा रही है।

ताराचंद सारस्वत ने कहा कि किसान को अपनी आर्थिक स्थिति और मजबूत बनाने के लिए सुनियोजित खेती तथा द्वितीयक कृषि क्रियाओं की तरफ जाना होगा। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की नींव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सम्मान दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कृषि अनुसंधानों की सराहना की और कहा कि कृषि तकनीक के प्रसार से पश्चिमी राजस्थान में खेती-किसानी की स्थिति में सुधार हुआ है। मूंगफली के कारण क्षेत्र की देशभर में विशिष्ट पहचान बनी है। जैविक तथा प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल देते हुए सारस्वत ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग करें। नई आवश्यकताओं, परिस्थितियों के अनुरूप प्रौद्योगिकी अपनाएं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में कीकर की समस्या से निजात मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय किसान मेले में किसानों को सुनियोजित कृषि प्रक्रियाओं से परिचित करवाया गया। विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विभाग (आत्मा) के सहयोग से फसल, फल सब्जी, पुष्प, पशुपालन तथा द्वितीयक कृषि क्रियाओं के वैज्ञानिक तरीके प्रबंधन आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषक संवाद और गोष्ठियों के माध्यम से किसानों की जिज्ञासाओं पर प्रत्युत्तर दिए गए। युवा पीढी पुनः खेती की ओर लौट रही है। ऐसे उदाहरण राहत प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी का सीधा लाभ किसान तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीयक कृषि क्रियाओं के प्रशिक्षण केन्द्र का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया गया है।

इसके अतिरिक्त प्रयास है कि यहां फार्म मशीनिंग इम्प्रूवमेंट ट्रेनिंग सेंटर खोला जाए। जिससे किसानों को प्रशिक्षण दिया जा सके। उन्होंने बताया कि मेले में फल, सब्जी, पुष्प, पशुपालन आदि की उन्नत नस्लों का प्रदर्शन कर किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। इससे अन्य किसान प्रेरित होंगे।

कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा त्रिलोक कुमार जोशी ने कहा कि मिलेट्स उत्पादन में राजस्थान अग्रणी है। स्वास्थ्य के प्रति लाभ को देखते हुए किसान इनकी पैदावार पर ध्यान दें। उर्वरक के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता जताते हुए उन्होंने जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा अनुदान आदि की जानकारी दी।

वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि वर्तमान युग की आवश्यकता अनुरूप द्वितीय हरित क्रांति की आवश्यकता है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि जैसी प्राकृतिक चुनौतियों के बीच भी किसान अनाज उगाता है। आजीविका के लिए कृषि प्रासंगिक बनी रहे इस चुनौती के बीच विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसान मेला किसान संबलन में योगदान की सार्थक पहल है।

प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. नीना सरीन ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मेला स्मारिका का विमोचन भी किया गया। उपनिदेशक प्रसार शिक्षा डॉ राजेश कुमार वर्मा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मंजू, डॉ सुशील ने किया। मेले के तीसरे दिन पशुपालन प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधायक सारस्वत ने प्रतियोगिता में प्रदर्शित की गई विभिन्न पशु नस्लों की जानकारी ली। प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ एन. एस. दहिया ने बताया कि पशुपालकों ने उत्साह के साथ विभिन्न श्रेणियों में अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। सारस्वत ने पशुपालकों से संवाद कर प्रोत्साहित किया। स्टाल्स निरीक्षण के दौरान विधायक ने सफेद तिल खरीदे।पशुपालन प्रदर्शनी प्रतियोगिता में ऊंट श्रेणी में कीरताराम, सद्दाम तथा रिजवान क्रमशः तृतीय, द्वितीय तथा प्रथम स्थान पर रहे। भैसपालन में राजेन्द्र सिंह, जयप्रकाश को पुरस्कृत किया गया।

गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा हो : सदानंद

बीकानेर, (कासं)। शारदा द्वारका पीठ के पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि देशवासियों के हित में होगा गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा मिलना चाहिए। जब तक गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा नहीं मिलेगा तब तक गायों का संरक्षण नहीं हो सकेगा।

गाय का संरक्षण करके हम आने वाली विपदाओं से बहुत हद तक बचाव कर सकते हैं। वे मोदी कुंआ स्थित रामनारायण मोदी बगेची के जंगलेश्वर महादेव मंदिर में बोल रहे थे। बीकानेर में शंकराचार्य ने अपने पहले प्रवचन में भागवत पुराण के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वेद व्यास ने समस्त पुराणों में भागवत पुराण को श्रेष्ठ बताया। भागवत कथा में भोग और मोक्ष दोनों ही देने की शक्ति है। भागवत को उन्होंने अनाड़ी वृक्ष की संज्ञा देते हुए कहा कि यह सत्य का वृक्ष है। उन्होंने व्यास पीठ पर बजरंगदास महाराज की प्रति अपनी मंगल भावना प्रकट की। इस दौरान बच्चों ने शंकराचार्य के सामने भागवत गीता के श्लोक का वाचन किया। इस पर जगदगुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज ने उनको आशीर्वाद दिया। पुस्तक सरल शिवारजन पद्धति का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मंच पर ही शंकराचार्य की चरण पादुका का पूजन किया गया। जिसमें कृष्णा मोदी, अविनाश मोदी और मोहन सोनी परिवार शामिल हुए। प्रवचन और पादुका पूजन के दौरान शंकराचार्य का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

इस मौके पर विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व विधायक और मंत्री डॉ बीडी कल्ला, भाजपा नेता सत्य प्रकाश आचार्य, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पच्चीसिया के अलावा राजकुमार पच्चीसिया, एडवोकेट अशोक बब्बरवाल, सीएमएचओ डॉक्टर पुखराज, झंवर लाल टॉक, इंद्रसिंह राजपुरोहित, ट्रोमा सेंटर की अधीक्षक डॉ कपिल, सीताराम कच्छावा, मनीष आचार्य, संतोषानंद सरस्वती, शिवपाल तेजी, यज्ञाचार्य पंडित योगेश बिस्सा, अनिल आचार्य, कृष्णा चौधरी, मुरली व्यास, इंजीनियर जयंत आचार्य आदि पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य सदानंद सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। कल होगा कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा जंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के दौरान श्रीबालाजी धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य बजरंगदास महाराज ने बुधवार को राम जन्म के प्रसंग सुनाए। कथावाचक ने राम जन्म को विस्तार से बताते हुए कहा, भगवान राम का जन्म दुष्टों का नाश करने के लिए ही हुआ था। भागवत कथा के दौरान शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। विदित रहे कि प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे तक यहां चल रहे 108कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ और 1 से 4 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा चल रही है।

सार-समाचार

दीक्षांत समारोह की तैयारी बैठक

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के आगामी आठवें दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु विभिन्न तैयारियों एवं सुझावों के लिए कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति आचार्य दीक्षित ने बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह आगामी 19 अप्रेल को आयोजिन किया जायेगा। कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने दीक्षांत समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति के लिए कुल डिग्रियों की संख्या, स्वर्ण एवं रजत पदक, समारोह आयोजन का स्थान, विशिष्ट अतिथियों हेतु प्रस्तावित नाम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में कुलपति आचार्य दीक्षित ने दीक्षांत समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों के गठन कर समयानुसार आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए। बैठक में अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज प्रो. हेमन्त दाधीच, निदेशक अनुसंधान प्रो. बी.एन. श्रृंगी, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, निदेशक मानव संसाधन विकास प्रो. राहुल सिंह पाल, निदेशक क्लीनिक प्रो. प्रवीण क्लोई, निदेशक पी.एम.ई. प्रो. उर्मिला पानू, ई.ओ. (से.नि.) राजुवास पी.एम. मित्तल, समन्वयक जन सम्पर्क प्रकोष्ठ डॉ. देवी सिंह, पूल ऑफिसर डॉ. नरेन्द्र सिंह, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक डांगी, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. नीरज शर्मा प्रभारी पुस्तकालय डॉ. शेष आसोपा उपस्थित थे।

शिविर में 276 बेरोजगारों का चयन

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह के क्रम में गुरूवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 750 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया। शिविर में निजी क्षेत्र के 10 नियोजकों द्वारा कुल 276 बेरोजगारों का रोजगार हेतु प्रारम्भिक चयन किया गया। जिसमें जॉब जंक्शन द्वारा 14, स्वतंत्र माईक्रोफिन द्वारा 30, बुल पावर एनर्जी द्वारा 14, एल्क्योर पेस्ट सोल्यूसन्स द्वारा 11, प्रमकोष आउटसोर्सिंग लिमिटेड द्वारा 37, प्लेटीनम एच आर सोल्यूसन्स द्वारा 57, बिशनलाल बाबूलाल भुजिया वाला द्वारा 56, नवकार वूलन मिल द्वारा 5, आमदनी प्रा. लि. द्वारा 30 तथा स्किल्ज डेस्क द्वारा 22 आशार्थियों का रोजगार हेतु प्रारम्भिक चयन किया गया।

खाद्य सुरक्षा, 200 लोगों को जारी किए नोटिस

■ दो-तीन मंजिला मकान वालों ने भी लिया निशुल्क राशन

बीकानेर, (कासं)। सरकार द्वारा शुरू किए गए गिव अप अभियान के तहत अब तक 38 हजार लोगों ने स्वेच्छा से रियायती दर पर मिलने वाले राशन को छोड़ दिया है।

इस अभियान के तहत उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है, जो राशन कार्डधारी होने के बावजूद पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। रसद विभाग ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर रहा है। अब तक 200 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 100 लोगों ने रियायती दर का राशन छोड़ने का निर्णय लिया है। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि कई ऐसे लोग भी हैं, जिनके पास दो-तीन मंजिला मकान हैं और वे आर्थिक रूप से सक्षम हैं फिर भी निशुल्क राशन उठा रहे थे। विभाग ने ऐसे अपात्र लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया है।

यदि वे गिव अप अभियान के तहत राशन नहीं छोड़ते हैं, तो उनसे बाजार दर पर राशन की वसूली की जायेगी। रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जो लोग सक्षम हैं और राशन छोड़ रहे हैं, उनका लाभ असली जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा।

ऐसे कई परिवार सामने आए हैं, जो आर्थिक रूप से संपन्न होते हुए भी सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा रहे थे। इस सप्ताह के अंत तक गिव अप अभियान में राशन छोड़ने वालों की संख्या 40 हजार तक पहुंच जायेगी। रसद विभाग के सूत्रों और जांच दलों की मदद से अपात्र लोगों की पहचान की जा रही है। जिन लोगों को अब तक नोटिस दिए गए हैं, उनमें कई समृद्ध परिवार भी शामिल हैं।

धान मंडी में काम शुरू

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां की नई धान मंडी में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 5.83 करोड़ रूपए का प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। गुरुवार को विधायक जयदीप बिहाणी ने सीसी रोड और कॉमन ऑक्शन प्लेटफॉर्म के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहाणी ने कहा कि पहली बार मंडी का आधारभूत ढांचा सुधारने का काम हो रहा है। उन्होंने इसका श्रेय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दिया। विधायक ने किसान, व्यापारी और मजदूरों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं। व्यापारी और मजदूर अनाज को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। व्यापारियों द्वारा दिए जाने वाले टैक्स से सरकार मजबूत होती है। बिहाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच से राज्य में उद्योगों का तेजी से विकास हो रहा है। मंडी के मजदूर व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हैं। इसलिए दोनों के बीच कभी विवाद नहीं होता। विधायक ने मंडी में व्यापारियों को बिजली कनेक्शन की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के सामने उठाएंगे। राज्य सरकार बिजली के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र आहूजा, व्यापारी राधेश्याम, बनवारी लाल, रामगोपाल पांडुसरिया, उदयपाल झाझड़िया, विकास चितलांगिया, कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सूबेसिंह, मजदूर संघ के अध्यक्ष किशोरी लाल सिवान आदि मौजूद थे।

दिल्ली-जयपुर के लिए अब रात में फ्लाइट

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर से जयपुर के बीच एयर कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाते हुए 31 मार्च से नई समय सारणी के तहत फ्लाइट का संचालन किया जायेगा। एलाइंस एयर की यह फ्लाइट अब दिन की बजाय रात में उड़ान भरेगी और यात्रियों को 1200 की स्टार्टिंग फेयर से सफर करने का मौका मिलेगा। फ्लाइट की संख्या 91834 (बीकानेर-जयपुर-वाया दिल्ली) और 91833(दिल्ली-जयपुर-वाया बीकानेर) होगी। इस बदलाव से रेलवे में वेटिंग लिस्ट वालों को भी फायदा होगा। क्योंकि अब वे ट्रेन की लम्बी प्रतीक्षा सूची से बचकर जल्दी अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। सोमवार और शुक्रवार को संचालित होगी। यदि यात्रियों की संख्या अधिक रहती है तो भविष्य में उड़ानों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। जयपुर और दिल्ली के लिए ट्रेन में वेटिंग टिकट वालों के पास अब एक बेहतर विकल्प होगा। बिजनेस और वर्क ट्रैवलर्स के लिए सुविधाजनक होगा।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3825 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जसनदीप सिंह पुत्र श्री सुखमंद सिंह निवासी गांव 3 केजेडी, वार्ड नं. 4, तहसील खाजूवाला, जिला बीकानेर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आकसीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 12 किला नं. 9,10 भू.सं. एच-20 माप 30 इंटू 60 फीट क्रिम्स ऐवेन्यू, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का खा सं. 17288 दिनांक 17.11.2022 को श्रीमती पूजा रानी पत्नी श्री दीपक पाहवा के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री जसनदीप द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.2.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री जसनदीप सिंह पुत्र श्री सुखमंद सिंह निवासी गांव 3 केजेडी, वार्ड नं. 4, तहसील खाजूवाला, जिला बीकानेर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पक्षा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आत्मज्ञान हितबद्ध व्यक्ति के देखने व चहने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1550 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2025/3820 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 13 में भूखण्ड सं. 99 माप 30'-0'' गुणा 55'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री शिवनारायण पुत्र श्री हरीराम निवासी 13, नजदीक बीसीए स्कूल, वृन्दावन विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री शिवनारायण पुत्र श्री हरीराम निवासी 13, नजदीक बीसीए स्कूल, वृन्दावन विहार, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 13 में भूखण्ड सं. 99 माप 30'-0'' गुणा 55'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर